Publication	Hindustan
Language/Frequency	Hindi/Daily
Page No	02 (Gurgaon Live)
Date	28th August 2017

हिन्दुस्तान

'कोर्ट मार्शल' के जरिए भेदभाव पर प्रहार किया

गुरुग्राम | कार्यालय संवाददाता

नाटक

- सेक्टर 54 स्थित सनसिटी स्कूल में कोर्ट मार्शल नाटकका मंचन
- बड़े लोगों को अपने छोटे को हीन भावना से नहीं देखना चाहिए

सेक्टर 54 स्थित सनसिटी स्कूल में कोर्ट मार्शल नाटक का मंचन रविवार को किया गया। नाटक के जरिए समाज में भेदभाव को दिखाया गया।

प्रमोद कुमार की ओर से निर्देशित नाटक को देखने के लिए जिला उपायुक्त विनय प्रताप सिंह भी पहुंचे। नाटक में दिखाया गया कि कानून और संविधान ने सबको बराबर का दर्जा और अधिकार दिया लेकिन बड़े आदमी ने छोटे आदमी को यह अधिकार नहीं दिया। नाटक में रामचंद्र छोटी जाति का होने के कारण बड़े लोगो की प्रताड़ना का शिकार होता है। अति हो जाने पर हथियार उठा लेता है और अपने से बड़े अधिकारी पर गोली चला देता है।

इस अवसर पर विनय प्रताप सिंह ने कहा कि किसी भी शहर को वहां के लोग चलाते हैं ना कि वहां का प्रशासन। समाज को जोड़ने वाले नाटक होते रहने चाहिये। वहीं निर्देशक प्रमोद कुमार ने बताया कि अभी तक इस नाटक का पांच स्थानों पर मंचन किया जा चुका है। इस मौके पर भानीराम मंगला, भूपेंद्र चौहान, दीपा आंतिल समेत अन्य मौजूद रहे।

Publication	Dainik Bhaskar
Language/Frequency	Hindi/Daily
Page No	02
Date	28th August 2017

दैनिक भास्कर

मंचन नेपथ्य फाउंडेशन ग्रुप की ओर से नाटक कोर्ट मार्शल की सनसिटी स्कूल सेक्टर-54 में दी गई प्रस्तुति

कोर्ट-मार्शल में दिखाया छोटे-बड़े व ऊंच-नीच का भेदभाव

भास्कर न्यूज | गुड़गांव

नेपथ्य फाउंडेशन ग्रुप ने कोर्ट मार्शल का छठा मंचन शनिवार की शाम सनसिटी स्कूल सेक्टर-54 गुड़गांव में किया। प्रमोद कुमार द्वारा निर्देशित एवं स्वदेश दीपक द्वारा लिखित इस नाटक में संगीत पीयूष ने दिया। नाटक का आयोजन सनसिटी स्कूल के डायरेक्टर अंकित गोयल ने किया। इसको देखने शहर के उपायुक्त विनय प्रताप सिंह आए और इनके साथ हरियाणा गौ सेवा आयोग के चेयरमैन भानीराम मंगला, भाजपा के जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान, सशक्त नारी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपा आंतिल एवं महेश दायमा ने नाटक का लुत्फ उठाया।

इस दौरान डीसी विनय प्रताप सिंह ने कहा कि किसी भी शहर को लोग चलाते हैं, ना कि प्रशासन। उन्होंने कहा कि ऐसे नाटक जोकि समाज को जोड़ने का काम करें, होते रहने चाहिए। नाटक में दिखाया गया कि जब भेदभाव के विरोध दबा दिए जाएं, अनसुने या अनदेखे कर दिए जाएं तो हमेशा एक भयंकर विस्फोट होता है, प्राणघातक विस्फोट। कानून और संविधान ने सबको बराबर का दर्जा, बराबर का अधिकार दे दिया, लेकिन बड़े आदमी ने छोटे आदमी को, ऊंचे आदमी ने निचले आदमी को यह अधिकार नहीं दिया। जो व्यवस्था जाति भेद पर टिकी हो उसकी आयु भी लंबी नहीं होती। कई बार भेदभाव बड़ा घातक रूप ले लेता है, ऐसा ही इस नाटक में दर्शाया गया। रामचंदर छोटी जाति का होने के कारण बड़े लोगों की प्रताड़ना का शिकार होता है और इसकी अति हो जाने पर हथियार उठा लेता है और अपने बड़े अधिकारी पर गोली चला देता है।

गुड़गांव. नेपथ्य फाउंडेशन ग्रुप की ओर से आयोजित नाटक कोर्ट मार्शल का शुभारंभ करते अतिथि।

Publication	Navbharat Times
Language/Frequency	Hindi/Daily
Page No	02 (Gurgaon Times)
Date	28th August 2017

NBT
नवभारत टाइम्स

'विरोध की भावना दबाने से होता है विस्फोट'

एनबीटी न्यूज, गुड़गांव : सेक्टर-54 स्थित सनसिटी स्कूल में नेपथ्य फाउंडेशन ने अपनी नाटिका का छठा मंचन किया। प्रमोद कुमार द्वारा निर्देशित एवं स्वदेश दीपक की लिखी इस नाटक में संगीत पीयूष ने दिया। नाटक का आयोजन सनसिटी स्कूल के डायरेक्टर अंकित गोयल ने किया। इसको देखने शहर के उपायुक्त विनय प्रताप सिंह पहुंचे। यहां उन्होंने कहा कि किसी भी शहर को लोग चलाते हैं न कि प्रशासन। नाटक समाज को जोड़ने का काम करने वाले होने चाहिए। जब भेदभाव के विरोध दबा दिए जाता है तो एक वक्त के बाद विस्फोट होता है। निर्देशक प्रमोद कुमार ने बताया कि अब तक 5 मंचन कर चुके हैं।